# अंतरराष्ट्रीय एआई सम्मेलन में प्रस्तुत किया शोध पत्र

कार्यालय संवाददाता - हमीरपुर



तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए राजकीय बहुतकनीकी संस्थान हमीरपुर की कम्प्यूटर इंजीनियरिंग की छठे सेमेस्टर की छात्रा शिविका दीक्षित ने (फडरेटेड लर्निंग इन एसडीएन एंड स्मार्ट ग्रिड्स) चैलेंजेज, एप्लिकेशन्स एंड यूचर रिसर्चेज ) विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया है। यह प्रस्तुति 17 व 18 मई को सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में आयोजित 6जी वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एडवांसेज एंड एप्लिकेशन्स (डब्ल्यूसीएआईएए 2025) में ऑनलाइन मोड दवारा हुई। यह उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि क्योंकि यह पहली बार है जब किसी डिप्लोमा छात्रा ने इतने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय स मेलन में शोधपत्र प्रस्तुत किया है और भाग लिया है। संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर चंद्रशेखर ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष समीर भारती और विभाग के सभी शिक्षकों को बधाई दी। संस्थान को आशा है कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी कि वे नवाचार और शोध की दिशा में आगे बढ़ें।